## उपायुक्त, धनबाद की अध्यक्षता में दिनाक 13.02.2020 को सामुदायिक भवन, कोयला नगर, धनबाद में आयोजित जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट के न्यास परिषद की बैठक की कार्यवाही

**उपस्थिति :– पंजी के अनुसार**

सर्वप्रथम उपायुक्त–सह– अध्यक्ष न्यास परिषद जिला खनिज फाउण्डेशन जिला योजना पदाधिकारी, धनबाद के द्वारा बैठक में उपस्थित माननीय सांसद धनबाद लोकसभा क्षेत्र माननीय विधायक टुण्डी विधानसभा क्षेत्र, माननीय विधायक झरिया, माननीय विधायक सिन्दरी, अध्यक्ष, जिला परिषद, धनबाद प्रमुखों उप प्रमुखों एवं मुखिया तथा उपमुखियों तथा उपस्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए बैठक में भाग लेने के लिए धन्यवाद प्रकट किया गया तत्पश्चात बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई।

सर्वप्रथम जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट को दिनांक 31.01.2020 तक प्राप्त अंशदान की स्थिति से न्यास परिषद के सदस्यों को अवगत कराया गया। जिसके विरूद्ध विभागीय निदेश के क्रम में विभिन्न प्रक्षेत्रों की योजनाओं का कार्यान्वियन कराया जा रहा है। दिनांक 31.01.2020 तक प्राप्त अंशदान की स्थिति निम्नवत है :–

प्राप्त आवंटन :–

| Sl. | Received under | Total Amount Received (Rs. in Crore) |
|---|---|---|
| 1 | DMFT HEAD | 1353.087 |
| 2 | INTEREST | 61.115 |
| | TOTAL: | 1414.202 |

इसके उपरान्त वित्तीय वर्षवार वार्षिक कार्य योजना एवं आय–व्यय की विवरणी सम्पुष्टि हेतु न्यास परिषद के सदस्यों के समक्ष रखा गया।

### वार्षिक कार्य योजना 2018–19

वित्तीय वर्ष 2018–19 में पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, शौचालय एवं आधारभूत संरचना के क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर मो0 22,618.93 लाख रूपये की कुल 57 योजनाओं को वार्षिक योजना में शामिल किया गया था। इसके विरूद्ध पूर्व के तथा वित्तीय वर्ष 2018–19 के कार्य योजना में सम्मिलित योजनओं को मिलाकर कुल 69 कुल प्रा0 राशि मो0 5532.582 लााख की योजनाओं का कार्यान्वयन कराया गया जिसके विरूद्ध में 42 योजनओं का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

### आय– व्यय की विवरणी

वित्तीय वर्ष 2018–19 का अंकेक्षण प्रतिवेदन से संबंधित आय–व्यय विवरणी भी न्यास परिषद के समक्ष उपस्थापित रखा गया। जिसकी विवरणी निम्नवत है:–

- **वित्तीय वर्ष 2018–19 में ट्रस्ट को प्राप्त अंशदान–** 3,480,745,623.38
- **विभिन्न बैंकों में जमा राशि से प्राप्त व्याज :–** 229,057,923.37

**कुल 3,709,803,546.75**

- **विभिन्न कार्यकारी एजेन्सी को विमुक्त की गई राशि :–** 1,029,983,235.00

उपरोक्त वार्षिक कार्य योजना 2018–19 तथा वित्तीय वर्ष 2018–19 आय–व्यय का सर्व सम्मति से न्यास परिषद द्वारा अनुमोदन किया गया।

### वित्तीय वर्ष 2019–20

सभी सदस्यों को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2019–20 का अंकेक्षण कार्य जारी है। अंकेक्षण कार्य पूर्ण के पश्चात न्यास परिषद की अगली बैठक में संबंधित उपस्थापित किया जायेगा।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2019–20 में ली गई योजनाओं से संबंधित सूचना सभी सदस्यों को दी गई । वित्तीय वर्ष 2019–20 में विभिन्न प्रक्षेत्रों के कुल 17 योजनाओं के कार्यान्वियन की सूचना दी गई जिसकी विवरणी निम्नवत है :–

| क्र0 | प्रक्षेत्र का नाम | योजनाओं की सं0 | सन्निहित राशि (करोड़ में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | पेयजलापूति योजना | 11 | 4354.348 |
| 2 | स्वरोजगार | 01 | 0.746 |
| 3 | आधार भूत संरचना | 01 | 4.143 |
| 4 | स्वास्थ्य | 01 | 0.136 |

CamScanner

परोक्त योजनाओं में मेगा धनबाद शहरी योजना फेज II , प्रधानखंता रेलवे स्टेशन के पास छाताकुल्ही में Under Sub way तथा सदर अस्पताल का सुदृढ़ीकरण मुख्य योजनाओं में से है।

वित्तीय वर्षवार आय–व्यय एवं कार्य उपलब्धियों को सदस्यों के बीच रखने के उपरान्त न्यास परिषद की बैठक से संबंधित कार्यसूची उपलब्ध कराते हुए ट्रस्ट के सभी सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किया गया।

सर्व प्रथम माननीय सांसद, धनबाद लोकसभा के द्वारा धनबाद शहर में जाम की समस्या की ओर ध्यान आकर्षिक कराते हुए गया पुल की चौड़ीकरण का कार्य उक्त निधि से कराने का सुझाव दिया गया। इसके निमित रेलवे से भी अनापति प्रमाण पत्र पूर्व में ही प्राप्त हो चुका है। साथ ही नगर निगम क्षेत्र से बाहर जोड़ाफाटक – आमटांड –झरिया रोड का निर्माण का प्रस्ताव भी दिया गया जिससे कि बलियापुर से धनबाद की दूरी को कम किया जा सके। धनबाद के सौन्दर्यीकरण के तहत धनसार से मुटकुरिया चेक पोस्ट तक स्ट्रीट लाईट तथा शहरी क्षेत्रों में सी0सी0टी0वी0 कैमरा अधिष्ठापन करने का भी सुझाव दिया गया , जिससे कि आये दिन धनबाद शहर में हो रहे अपराधिक घटनाओं पर अंकूश लगाया जा सके। धनबाद जिला में पानी की समस्या के निदान हेतु बी0सी0सी0एल0 खदान से निकलने वाले पीट वाटर को पाईप लाईन के माध्यम से निकटवर्ती तालाब में पहूंचाकर जल संरक्षण का कार्य का भी सुझाव दिया गया जिससे कि सिंचाई के साथ–साथ उक्त क्षेत्रों का जल स्तर बना रहे।

माननीय सांसद के सुझाव के आलोक में निम्न योजनओं पर निर्णयार्थ न्यास परिषद के समक्ष रखा गया:–

1. गया पुल की चौड़ीकरण हेतु अंडर पास (रेलवे अंडर ब्रिज) निर्माण योजना
2. जोड़ाफाटक–आमटांड–झरिया रोड का निर्माण।
3. धनसार से मुटकुरिया चेक पोस्ट तक स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन
4. शहरी क्षेत्रों में सी0सी0टी0वी0 कैमरा का अधिष्ठापन।

उपरोक्त प्रस्ताव को न्यास परिषद द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान किया गया तथा निर्णय लिया गया कि उक्त योजनाओ का प्रस्ताव ग्राम सभा/स्थानीय निकाय से प्राप्त कर संबंधित विभाग से प्राक्कलन प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

अध्यक्ष, जिला परिषद, धनबाद के द्वारा डी0एम0एफ0टी0 निधि का उपयोग शहरी क्षेत्र के साथ–साथ ग्रामीण क्षेत्रों के आबादी के अनुरूप उक्त निधि का उपयोग करने का सुझाव दिया गया। इसी क्रम में खनन क्षेत्रों के प्रभावित पंचायत के मुखियाओं के द्वारा भी ग्रामीण क्षेत्रों में DMFT की राशि को ज्यादा–ज्यादा व्यवहार करने का सुझाव दिया गया।

उक्त सुझाव के क्रम में उपायुक्त–सह अध्यक्ष के द्वारा उपस्थित सभी पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधियों को प्राथमिकता के आधार पर 05 वैसे योजनाओं का चयन कर ग्राम सभा से पारित कराकर प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया, जो अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित न हो, उक्त प्रस्ताव को वित्तीय वर्ष 2020–21 के वार्षिक कार्य योजना में समाहित कर क्रियान्वयन किया जायेगा। साथ ही प्रत्येक तीन माह के अन्तराल में न्यास परिषद की बैठक आहूत करने का भी आश्वासन दिया गया।

माननीय विधायक झरिया के द्वारा बताया गया कि झरिया क्षेत्र सबसे अधिक खनन प्रभावित क्षेत्र होने के कारण पेयजल की समस्या अन्य क्षेत्रों से काफी अधिक है अतएव इस निधि से जलापूर्ति योजनाओं का कार्यान्वयन इस क्षेत्र मे कराया जाय। साथ ही उनके द्वारा सामाजिक अंकेक्षण कराने का अनुरोध भी किया गया ताकि इसके कार्यान्वयन में पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बना रहे।

माननीय विधायक सिन्दरी द्वारा बताया गया कि बलियापुर से सिन्दरी के बीच (बारदाहा से रघुनाथ के बीच) तीन किलोमीटर पथ क्षतिग्रस्त है, जिसकी मरम्मति कराये जाने पर बलियापुर–सिन्दरी की दूरी काफी कम हो जायेगी। शहरी क्षेत्र की भांति ग्रामीण क्षेत्रों के चौक–चौराहे के साथ–साथ ग्रामीण मुख्य सड़क के किनारे स्ट्रीट लाईट अधिष्ठापन का तथा गोविन्दपुर प्रखण्ड अन्तर्गत जैप कैम्प के निकट अवस्थित रिजली बांध का जीर्णोद्धार कराने का भी अनुरोध किया गया। उनके द्वारा बी0सी0सी0एल0 क्षेत्र के जयरामपुर के दो जगहों पर जहां पीट वाटर सड़क किनारे गिरकर बर्बाद हो रहा है, कि ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए उक्त पानी को पाईप लाईन के माध्यम से निकटवर्ती तालाब में पहूंचा कर जल संचय का कार्य इस निधि से कराने का अनुरोध किया गया।

माननीय विधायक के उक्त सुझाव के आलोक में निम्न प्रस्ताव /योजनाओं पर निर्णयार्थ परिषद के समक्ष रखा गया :–

1. बलियापुर से सिन्दरी के बीच तीन किलोमीटर क्षतिग्रस्थ पथ की मरम्मति।
2. ग्रामीण क्षेत्रों के चौक–चौराहे पर स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन।
3. गोविन्दपुर प्रखण्ड अन्तर्गत जैप कैम्प के निकट रिजली बांध का जीर्णोद्धार।

CS CamScanner

4. बी0सी0सी0एल क्षेत्र के जयरामपुर के पास गिर रहे पीट वाटर को नजदीक के तालाब में पाईप के माध्यम से पहूंचाना।

माननीय विधायक के सुझाव के आलोक में उपरोक्त योजना क्रमांक 01 एवं 02 को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान किया गया तथा योजना क्रमांक 03 को अन्य निधि यथा सी0एस0आर0 निधि से करने का निर्णय लिया गया एवं योजना क्रमांक 04 के लिए नजदीक के तालाब चिन्हित कर तदनुरूप प्रस्ताव झमाडा या नगर निगम से प्राप्त करने का निदेश दिया गया ।

माननीय विधायक टुण्डी विधानसभा के द्वारा आये दिन धनबाद जिले अन्तर्गत्त विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे सड़क दुर्घटना की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए सुझाव दिया गया कि पी0एम0सी0एच0 धनबाद में मरिजो के अत्याधिक भार को देखते हुए प्रखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य केन्द्रो को सुदृढ़ीकरण करने के साथ–साथ चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति की जाय जिसके कि दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियो का ससमय ईलाज हो सके। तालाब जीर्णोद्धार का कार्य सी0एस0आर0 के माध्यम से करने का सुझाव दिया गया।

माननीय विधायक के उपरोक्त सुझाव के आलोक में सभी सदस्यों को अवगत कराया गया कि धनबाद जिलान्तर्गत विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सक तथा पारा मेडिकल स्टॉफ का नियोजन DMFT निधि के तहत किया गया है।

बाघमारा प्रमुख के द्वारा बताया गया कि पंचायत स्तर पर कार्यान्वित योजनाओं की जानकारी प्रमुख गण को उपलब्ध नहीं कराया जाता है फलस्वरूप अपने क्षेत्र के आमजनों को उक्त आशय की जानकारी उनके स्तर से देने में असमर्थ रहते है।

उक्त परिपेक्ष्य में उपायुक्त–सह–अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि डी0एम0एफ0टी0 के अन्तर्गत ली गई योजनाओं को वेब साईट पर अपलोड कर दिया गया है, जहां पर इस आशय की जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

## कार्यसूची के अनुसार न्यास परिषद से पारित हेतु प्रस्ताव :–

न्यास परिषद की बैठक में पारित हेतु लाये गये प्रस्ताव पर निम्नवत निर्णय लिया गया :–

(1) **चिरकुण्डा नगर परिषद से प्राप्त प्रस्ताव –**

चिरकुण्डा नगर परिषद से प्राप्त पत्रांक 273 दिनांक 08.03.2019 एवं पत्रांक 11 दिनांक 19.06.2019 के द्वारा पेयजल योजना का कार्यान्वयन तथा सफाई उपकरणों का क्रय डी0एम0एफ0टी0 निधि से करने का प्रस्ताव है, जो नगर परिषद के बोर्ड से पारित है –

**(i) पेयजल से संबंधित योजना–**

| क्र0 | योजना का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 1 | चिरकुण्डा, नगर परिषद अंतर्गत वार्ड सं0 13, 14, 15 एवं 16 में डी0एम0एफ0टी0 मद से पाईप लाईन एवं जलमिनार निर्माण | प्राक्कलन अप्राप्त। |

**(ii) सफाई उपकरणों से संबंधित योजना–**

| क्र0 | उपकरण का नाम | विवरण | संख्या | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BACKHOE LOADER-CUM- CRAWLER<br>Gem Portal price- 23,50,500.00 | BOBCAT E27 CRAWLER (BOBCAT) (BOBCAT E27) | 01 | 23,50,500.00 |
| 2 | ROAD SWEEPING MACHINE<br>Gem Portal price- 73,25,000.00 | SWEEPING MACHINE SWP SW-III | 01 | 73,25,000.00 |
| 3 | MOBILE TOILET VAN<br>Gem Portal price- 8,55,000.00 | MOBILE TOILET VAN (ENVIO) (ENVIO MTVMBT10-01818) | 02 | 17,10,000.00 |
| कुल: | | | 04 | 1,13,85,500.00 |

(iii) अध्यक्ष, नगर परिषद, चिरकुण्डा का पत्रांक 20 दिनांक 11.10.2019 के द्वारा नगर परिषद बोर्ड की बैठक दिनांक 09.8.2019 से पारित निम्न प्रस्ताव प्राप्त है, जो राशि भुगतान से संबंधित है।

| क्र0 | योजना का नाम | अधियाचित राशि |
|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद क्षेत्र अन्तर्गत Solid Wast Management योजना के तहत Door To Door कचड़ा संग्रहण एवं निष्पादन हेतु कार्यकारी एजेंसी Poineer MSWm Chirkunda pvt. Ltd. को राशि भुगतान | 2 करोड़ |

**चिरकुण्डा नगर परिषद से प्राप्त उपरोक्त प्रस्ताव क्रमांक (i) , (ii) एवं (iii) को सर्वसम्मति से पारित करने का निर्णय लिया गया तथा (i) का प्राक्कलन प्राप्त के पश्चात प्रबंधकीय समिति में पारित करने का निर्णय लिया गया।**



CamScanner

2) **नगर निगम, धनबाद से प्राप्त प्रस्ताव –**

नगर निगम, धनबाद के पत्रांक 635 दिनांक 06.02.2019, पत्रांक 1286 दिनांक 19.03.2019 तथा पत्रांक 3513 दिनांक 14.06.2019, के द्वारा जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट की निधि से पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल सं0–1, धनबाद के माध्यम से जलापूर्ति योजनाओं का कार्यान्वयन तथा Fresh roads के लिए LED Light अधिष्ठापन संबंधी प्रस्ताव प्राप्त हुआ है–

(i) **पेयजल से संबंधित योजना–**

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | Alternate water Supply due to Defunct HYDT at Kusum Bihar ESR Near Senoir Citizen office and Provision at 100 mm dia D.I. K-7 Pipe (from Hirak Road to Existing ESR) and New HYDT under DW&S Division No.1, Dhanbad | 24,91,800.00 | नगर निगम बोर्ड के बैठक की कार्यवाही अप्राप्त |

(ii) LED Light अधिष्ठापन **से संबंधित योजना–**

नगर निगम बोर्ड की बैठक दिनांक 20.11.2018 में LED Light अधिष्ठापन से संबंधित निम्न 03 योजनाओं को पारित करते हुए नगर निगम के द्वारा DMFT से कार्यान्वयन हेतु अनुरोध किया गया है।

| क्र0 | योजना का नाम | प्रा0 राशि |
|---|---|---|
| 1 | पुटकी थाना से महुदा मोड़ तक LED पथ प्रकाश | 4,83,59,246.00 |
| 2 | गोविन्दपुर से धनबाद स्टेशन तक LED पथ प्रकाश | 3,94,75,953.00 |
| 3 | बिरसा चौक से पुटकी थाना तक LED पथ प्रकाश | 3,01,42,624.00 |
| | कुल: | 11,79,77,823.00 |

(iii) नगर आयुक्त, धनबाद के पत्रांक 152 दिनांक 09.01.2020 के द्वारा निम्न योजना को नगर निगम के साधारण बोर्ड बैठक दिनांक 27.09.2018 को पारित करते हुए DMFT निधि से स्वीकृत करने का अनुरोध किया है।

| क्र0 | योजना का नाम | अनुमोदित राशि |
|---|---|---|
| 1 | बायो मेडिकल बेस्ट डिस्पोजल प्लांट | 4.75 करोड़ |

उपरोक्त योजना क्रमांक i ,जो नगर निगम बोर्ड से पारित नहीं है, को नगर निगम बोर्ड से पारित करने के शर्त्त पर तथा ii एवं iii को सर्वसम्मति से न्यास परिषद के द्वारा पारित किया गया ।

(3) **झारखण्ड खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार,धनबाद से प्राप्त प्रस्ताव –**

झारखण्ड खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार, धनबाद से प्राप्त पत्रांक स0प्र0/02/2019 /59 दिनांक 09.02.2019 के द्वारा माननीय विधायक झरिया के अनुशंसा एवं धनबाद नगर निगम बोर्ड की बैठक दिनांक 27.09.2018 से पारित कर 05 निम्न योजनाओं को ट्रस्ट की निधि से जलापूर्ति योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु प्राप्त प्रस्ताव :–

योजना की विवरणी निम्नवत है–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | ऐजेंसी |
|---|---|---|---|
| 1 | माडा के जामाडोबा जल संयत्र में केमिकल रखने हेतु गोदाम का निर्माण कार्य। | 23,30,800.00 | झमाडा, धनबाद। |
| 2 | झरिया सिन्दरी मुख्य पथ से भागा गाड़ीवान पट्टी तक 4 इंच व्यास का पेयजलापूर्ति हेतु पाईप लाइन बिछाने का कार्य | 12,62,500.00 | झमाडा, धनबाद। |
| 3 | झरिया सिन्दरी मुख्य पथ बनियाहीर मोड़ से डी0एम0वी0 स्कूल होते हुए ईश्वर ठाकुर के घर तक 4 इंच ब्यास का पेयजलापूर्ति हेतु पाईप बिछाने का कार्य | 11,25,800.00 | झमाडा, धनबाद। |
| 4 | जामाडोबा जीतपुर मोड़ से ओभरमैन कॉलोनी तक 4 इंच ब्यास का पेयजलापूर्ति हेतु पाईप बिछाने का कार्य | 12,50,900.00 | झमाडा, धनबाद। |
| 5 | झरिया सिन्दरी मेन रोड से शमशेर नगर हमीद चौक होते हुए शाबिर पान दुकान तक 4 इंच ब्यास का पेयजलापूर्ति हेतु पाईप लाईन बिछाने का कार्य | 7,49,350.00 | झमाडा, धनबाद। |
| | **TOTAL:** | 67,19,350.00 | |

माननीय विधायक के अनुशंसा के आलोक में नगर निगम बोर्ड से उपरोक्त योजनाओ को पारित कर उपलब्ध कराया गया है। झारखण्ड खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार ,धनबाद से प्राप्त जलापूर्ति योजनाओं नगर निगम बोर्ड द्वारा पारित है। अतएव इसकी कार्यान्वयन डी0एम0एफ0टी0 निधि से करने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया।



CamScanner

) **जिला परिषद्, धनबाद :–**

उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, धनबाद के पत्रांक 54 दिनांक 27.01.2020 के द्वारा जिला परिषद् बोर्ड की बैठक दिनांक 11.01.2020 के आलोक में ग्रामीण क्षेत्रों के समुचित विकास हेतु DMFT से से 50 करोड़ राशि की अधियाचना की गई है।

उपरोक्त के परिपेक्ष्य में ग्रामीण क्षेत्रों के विकास हेतु पंचायत वार पांच योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर चयन कर ग्राम सभा से पारित कराकर संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के माध्यम से प्राप्त होने पर इस संदर्भ में अपेक्षित कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया।

5) **माननीय सांसद श्री पशुपतिनाथ सिंह, सांसद, धनबाद लोक सभा से प्राप्त अनुशंसा –**

माननीय सांसद श्री पशुपतिनाथ सिंह, सांसद, धनबाद लोक सभा क्षेत्र के पत्रांक 7925/18 दिनांक 13.09.2018 के द्वारा निम्नांकित योजनाओं का कार्यान्वयन डी0एम0एफ0टी0 निधि से कराने का अनुशंसा प्राप्त है–

| क्र0 | योजना का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 1 | चांदमारी से न्यू क्वाटर होते हुए मदर टेरेसा ग्राम तक 6 इंच पाईप लाईन। | |
| 2 | आदर्श ग्राम के अन्तर्गत गोविंदपुर प्रखंड के रतनपुर पंचायत के जीरामुड़ी ग्राम में सामुदायिक शौचालय का निर्माण। | |
| 3 | गोविन्दपुर प्रखण्ड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में अवस्थित वनस्थली उच्च विद्यालय तिलैया (रंगाटांड) में शौचालय का निर्माण | |
| 4 | धनबाद प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय, केन्दुआ बस्ती–1 में शौचालय का निर्माण | |
| 5 | धनबाद के भूली में मिल्लत मस्जिद कैंपस में सोलर ड्रिंकिंग वाटर सिस्टम। | |
| 6 | धनबाद के भूली में चापाकल का व्यवस्था। | |
| 7 | धनबाद के भूली में शौचालय का निर्माण। | |
| 8 | झरिया के उपर कुल्ही सिंदरी रोड में सोलर वाटर ड्रिंकिंग सिस्टम। | |
| 9 | झरिया के उ0 उर्दू म0 वि0, भगतडीह में पेयजल हेतु पाईप लाईन (1500 फिट) | |
| 10 | निरसा के सिबलीबाड़ी में सोलर ड्रिंकिंग वाटर सिस्टम। | |
| 11 | गोविंदपुर उप डाकघर में पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था। | |
| 12 | बरमसिया शक्ति नगर के चापाकल की जमीन एवं नाली काटकर मेन नाली में जोड़ने का कार्य। | |
| 13 | वार्ड नं0–28 मनोरम नगर में पाईप लाईन का अधिष्ठापन। | |

उपरोक्त योजना ग्राम सभा /नगर निगम बोर्ड से पारित नहीं है। उक्त योजनाओं में से शहरी क्षेत्रों की योजनाओ को नगर निकाय तथा ग्रामीण क्षेत्रों की योजनाओ को ग्राम सभा से प्रस्ताव प्राप्त होने के शर्त्तो पर सर्वसम्मति से न्यास परिषद के द्वारा पारित किया गया।

(6) **माननीय सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से प्राप्त अनुशंसा :–**

माननीय सांसद के द्वारा अपने अनुशंसा पत्र 640/आ0का0 दिनांक 01.09.2019 द्वारा प्राप्त निम्न प्रस्ताव :–

| क्र | योजना का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 1 | ग्राम खरियां में मुख्य सड़क से टिकेतनी तालाब तक नाली निर्माण। | |
| 2 | ग्राम खरियो पंचायत भवन के सामने यात्री शेड निर्माण। | |
| 3 | ग्राम खरियो में नीलकंठ धाम के समीप विवाह मंडप निर्माण। | |

माननीय सांसद के द्वारा अपने अनुशंसा पत्र 328/आ0का0 दिनांक 12.07.2019 द्वारा प्राप्त निम्न प्रस्ताव :–

CamScanner

| क्र | योजना का नाम | अभ्युक्ति |
| --- | --- | --- |
| 1 | ग्राम पंचायत–पुरनाडीह, ग्राम–प्रतापपुर के पाण्डेय होते हुए निमटांड़ पुलिया तक पथ निर्माण। | ग्राम सभा की कार्यवाही एवं प्राक्कलन अप्राप्त। |
| 2 | ग्राम पंचायत रतनुपर, ग्राम–लोधरिया पेट्रोल पम्प से बहादुरपुर होते हुए बराकर पुल तक पथ निर्माण कार्य। | ग्राम सभा की कार्यवाही एवं प्राक्कलन अप्राप्त। |
| 3 | ग्राम पंचायत पुरनाडीह ग्राम अरवाटांड़ मोड़ से गम्हरीयाटांड तक पथ निर्माण कार्य। | ग्राम सभा की कार्यवाही एवं प्राक्कलन अप्राप्त। |
| 4 | ग्राम पंचायत–जाताखुंटी ग्राम जाताखुंटी से गुलियाडीह ग्राम तक पथ निर्माण कार्य। | ग्राम सभा की कार्यवाही एवं प्राक्कलन अप्राप्त। |

उपरोक्त योजना ग्राम सभा /नगर निगम बोर्ड से पारित नहीं है। उक्त योजनाओं में से शहरी क्षेत्रों की योजनाओ को नगर निकाय तथा ग्रामीण क्षेत्रों की योजनाओ को ग्राम सभा से प्रस्ताव प्राप्त होने के शर्तो पर सर्वसम्मति से न्यास परिषद के द्वारा पारित किया गया।

7) **प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, तोपचाँची द्वारा अग्रसारित योजनाओं का प्रस्ताव :–**

सिंहदहा ग्राम पंचायत के मुखिया द्वारा अनुशंसित योजना, जो ग्राम सभा से पारित है, को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, तोपचाँची का पत्रांक 1140 दिनांक 19.08.2019 द्वारा कार्यान्वयन हेतु प्राप्त प्रस्ताव :–

**जल संचय हेतु**

| क्र0 | योजना का नाम | अभ्युक्ति |
| --- | --- | --- |
| 1 | सिंहदाहा सरकारी-बड़का तालाब का जिर्णोद्धार, मौजा–सिंहदाहा खाता सं0 404, प्लॉट सं0–1737,1738,1739 रकवा 17 एकड़। | |
| 2 | सिंहदाहा टौला पाण्डेडीह एवं काण्डेडीह के बीच कतरी नाला में चेकडेम निर्माण। | |
| 3 | तेलोडीह स्थित चैकडेम का जिर्णोद्धार। | |
| 4 | सिंहदाहा सरकारी तैली गड़िया का जिर्णोद्धार। | |
| 5 | पाथलचपरा सरकारी छोटका बांध का जिर्णोद्धार। | |

**शिक्षा के क्षेत्र में**

| क्र0 | योजना का नाम | अभ्युक्ति |
| --- | --- | --- |
| 1 | सिंहदाहा उ0उ0वि0 में चारदिवारी एवं पथ का निर्माण। | |
| 2 | सिंहदाहा उ0उ0वि0 में पुस्तक सहित पुस्तकालय भवन का निर्माण। | |
| 3 | उ0म0वि0 में पुस्तक सहित पुस्तकालय भवन निर्माण। | |
| 4 | बा0प्र0वि0 सिंहदाहा में सोलर विधि से पेयजल व्यवस्था। | |

**कौशल विकास**

| क्र0 | योजना का नाम | अभ्युक्ति |
| --- | --- | --- |
| 1 | कौशल विकास हेतु J.S.P.L के अन्तर्गत गठित महिला मंडल समूह के प्रशिक्षण हेतु पंचायत स्तर पर सिलाई एवं कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना। | |

**सामाजिक दायित्व**

| क्र0 | योजना का नाम | अभ्युक्ति |
| --- | --- | --- |
| 1 | सिंहदाहा में विवाह मंडप का निर्माण। | |
| 2 | पाथलचपरा में विवाह मंडप का निर्माण। | |

**ग्रामीण पेयजल की व्यवस्था**

| क्र0 | योजना का नाम | अभ्युक्ति |
| --- | --- | --- |
| 1 | सिंहदाहा पाण्डेडीह टौला में डीप बोरिंग का जलापूर्ति योजना। | |
| 2 | सिंहदाहा विश्वकर्मा टौला में डीप बोरिंग कर जलापूर्ति येजना। | |
| 3 | पाथलचपरा में डीप बोरिंग कर जलापूर्ति योजना। | |
| 4 | सिंहदाहा विष्णु मंदिर में डीप बोरिंग कर जलापूर्ति योजना। | |

CamScanner

उपरोक्त योजना ग्राम सभा से पारित है। अतएव उक्त योजनाओं को न्यास परिषद से पारित हुए प्राथमिकता के आधार पर उक्त योजनाओं का प्राक्कलन तैयार कर योजनाओं के प्राक्कलन के र प्रशासनिक स्वीकृति हेतु प्रबंधकीय समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया।

) **झारखण्ड खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार,धनबाद से प्राप्त प्रस्ताव –**

श्री राज सिन्हा, माननीय विधायक, धनबाद विधानसभा से प्राप्त पत्रांक DHN/MLA/3997 दिनांक 30.06.2019, पत्रांक DHN/MLA/4020 दिनांक 12.07.2019 तथा DHN/MLA/4072 दिनांक 21.07. के द्वारा धनबाद प्रखंड अन्तर्गत दुबराजडीह पंचायत में बालुडीह, पाण्डरकनाली दक्षिण, पाण्डरकनाली एवं पेटिया पंचायत में पेयजल आपूर्ति की समस्या को देखते हुए गोपीनाथडीह जलापूर्ति योजना/सियालगुदड़ी जलापूर्ति योजना से पाईप के माध्यम से जलापूर्ति हेतु पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल–1 एवं 2, धनबाद के माध्यम से कराने का प्रस्ताव :–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में) | ऐजेंसी का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | Extension of pipe line of Gopinathdih Water Supply Scheme in Village-Lalpur Futaha at Das Tola. | 12.81226 | पेयजल एवं स्व0 प्र0 सं0–2, धनबाद। |
| 2 | Extension of pipe line of Gopinathdih Water Supply Scheme in Village- Lalpur Futaha at Shaharpura Tola. | 20.52848 | पेयजल एवं स्व0 प्र0 सं0–2, धनबाद। |

(1) प्रस्तावित योजनाओं का तकनीकी स्वीकृत प्राक्कलन कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्र0 सं0–2, धनबाद से प्राप्त है।

श्री राज सिन्हा, माननीय विधायक, धनबाद विधानसभा से प्राप्त पत्रांक DHN/MLA/4020 दिनांक 12.07.2019 तथा DHN/MLA/4072 दिनांक 21.07.2019 के द्वारा धनबाद प्रखंड अन्तर्गत पाण्डरकनाली दक्षिण, पाण्डरकनाली एवं पेटिया पंचायत में पेयजल आपूर्ति की समस्या को देखते हुए सियालगुदड़ी जलापूर्ति योजना से पाईप लाईन बिछाकर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल–1 एवं 2 के माध्यम से कराने का प्रस्ताव :–

योजना से संबंधित विवरणी निम्नवत है:–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्रस्तावित ऐजेंसी का नाम |
|---|---|---|
| 1 | सियालगुदड़ी जलापूर्ति योजना से न्यु ड्रिफ्ट 12 नं0 शिव मंदिर कॉलोनी एवं परसिया सड़क टोला एन. एच. 32 से उप स्वास्थ्य केन्द्र परसिया तक पेयजल की व्यवस्था। | पेयजल एवं स्व0 प्र0 सं0–1, धनबाद। |
| 2 | पावर हाउस काली मंदिर से मनोज पासवान के घर से होते हुये श्री अर्जुन पासवान के घर तक पेयजल की व्यवस्था। | पेयजल एवं स्व0 प्र0 सं0–2, धनबाद। |
| 3 | पावर हाउस काली मंदिर से सोमारी मुहल्ला में श्री राधे रजवार के घर तक पेयजल की व्यवस्था। | पेयजल एवं स्व0 प्र0 सं0–2, धनबाद। |
| 4 | स्टाफ कॉलोनी श्री पोखन पासवान के घर से श्री हीरा पासवान के घर होते हुए सीताराम पासवान के घर तक पेयजल की व्यवस्था। | पेयजल एवं स्व0 प्र0 सं0–2, धनबाद। |
| 5 | पेटिया पंचायत के गंसाडीह से जरमा दास टोला होते हुए कोल बोर्ड दशरथ चौधरी के घर तक पेयजल की व्यवस्था। | पेयजल एवं स्व0 प्र0 सं0–2, धनबाद। |
| 6 | पेटिया पंचायत के अन्तर्गत पेटिया बस्ती रवानी टोला होते हुये वाटर बोर्ड कॉलोनी श्री तुलसी महतो के घर तक पेयजल की व्यवस्था। | पेयजल एवं स्व0 प्र0 सं0–2, धनबाद। |

माननीय विधायक धनबाद द्वारा उपरोक्त योजना, जो ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत आता है, को ग्राम सभा से तथा शहरी क्षेत्र के योजनाओं का निकाय बोर्ड से प्रस्ताव प्राप्त होने के शर्त्तो पर न्यास परषिद के द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया।

CS CamScanner

**लोकसभा निर्वाचन, 2019 में पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था का प्रस्ताव –**

कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0 1 धनबाद द्वारा लोकसभा निर्वाचन, 2019 में मतदान केन्द्रों में पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था कराया गया है, जिसका भुगतान निदेशानुसार DMFT Fund से कराने का प्रस्ताव :–

पेयजल योजना का विवरणी –

| क्र0 | योजना की विवरणी | प्रा0 राशि (लाख में) | एजेन्सी |
|---|---|---|---|
| 1 | Consruction of 23 Nos. T/W of 125/115 MM Dia, average 60 Mtrs deep drilled tube well installation of India Mark II (IS:15500 Part -2/2204 ) hand pup in polling booth of MP Election 2019 where Non-availability of Drinking water for polling party under DW&S Division No. 1 Dhanabd | 15.986 | PHED 1 |
| 2 | Construction of 1 No. HYDT & pipe laying and installation of motor pump near Nirsa Polirechnic. | 5.493 | PHED 1 |

**शौचालय निर्माण योजना की विवरणी**

| क0 | प्रखंड | स्थायी शौचालय की सं0 | अस्थायी शौचालय की सं0 | स्थायी शौचालय के लिए राशि की मांग | अस्थायी शौचालय के लिए राशि की मांग | कुल अधियाचित राशि | ऐजेंसी का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निरसा | 6 | 10 | 72000.00 | 24730.00 | 96730.00 | पेयजल एवं स्व0 प्रमण्डल सं0–1, धनबाद। |
| 2 | एग्यारकुण्ड | 6 | 4 | 72000.00 | 9892.00 | 81892.00 | |
| 3 | कलियासोल | 8 | 2 | 96000.00 | 4946.00 | 100946.00 | |
| 4 | गोविन्दपुर | 10 | 29 | 120000.00 | 71717.00 | 191717.00 | |
| | | 30 | 45 | 360000.00 | 111285.00 | 471285.00 | |

उपरोक्त योजनाओ का कार्यान्वयन लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए किया गया है, जो डी0एम0एफ0टी0 निधि से कराये जाने वाले प्रक्षेत्र के अन्तर्गत है। अतएव ग्राम सभा से प्रस्ताव प्राप्त होने के शर्त्तो पर न्यास परिषद के द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके निमित संबंधित एजेन्सी से ग्राम सभा का प्रस्ताव प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

(11) प्रबंधकीय समिति से पारित प्रस्ताव पर घटनोत्तर स्वीकृति हेतु प्रस्ताव

दिनांक 04.12.2018 को एवं दिनांक 28.02.2019 को संपन्न प्रबंधकीय समिति में पारित प्रस्ताव, जो न्यास परिषद से पारित कराने के प्रत्याशा में पारित किया गया है, को घटनोत्तर स्वीकृति हेतु प्रस्ताव :–

**(क दिनांक 04.12.2018 को प्रबंधकीय समिति की बैठक में पारित प्रस्ताव :–**

(1) नगर निगम, धनबाद के लिए सफाई उपस्करों/उपकरणों के क्रय का प्रस्ताव :–

दिनांक 26.03.2017 को न्यास परिषद की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में नगर निगम, धनबाद को सफाई उपस्करों/उपकरणों का क्रय Gem Portal के माध्यम से करने हेतु राशि की विमुक्ति की गयी है।

योजना की विवरणी निम्नवत है –

| Sl. | Items/Description | Qty. | Demand of Amount Rs. | Released Amount in Rs. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Mobile-Toilet Block 10 seater,Per Unit rate Rs. 878954.00 | 02 | 17,57,908.00 | 17,57,908.00 |
| 2 | Portable Toilet Block Single seater ,Per Unit rate Rs. 27989.00 | 10 | 2,79,890.00 | 2,79,890.00 |
| 3 | Sawer Suction Machine, Per Unit rate Rs. 2070000.00 | 02 | 41,40,000.00 | 41,40,000.00 |
| 4 | Twin Bins LTR, Per Unit rate Rs. 11600.00 | 100 | 11,60,000.00 | 11,60,000.00 |
| 5 | Truck Mounted Sweeping Machine (Roots) (ROOTS RSB4500)Per Unit rate Rs. 5811500.00 | 03 | 1,74,34,500.00 | 1,74,34,500.00 |
| 6 | Self Propelled Ride on Sweeping Machine,Per Unit rate Rs. 2475000.00 | 02 | 49,50,000.00 | 49,50,000.00 |
| | TOTAL: | | 2,97,22,298.00 | 2,97,22,298.00 |

CamScanner

न्यास परिषद की स्वीकृति की प्रत्याशा में क्रमांक 1 से 6 पर अंकित उपस्करों/ उपकरणों के क्रय हेतु विमुक्त राशि 2,97,22,298.00 के व्यय पर प्रबंधकीय समिति के प्रस्ताव को न्यास परिषद द्वारा घटनोत्तर स्वीकृति दी गई।

**(2) स्ट्रीट लाईट के अधिष्ठापन की घटनोत्तर स्वीकृति का प्रस्ताव –**

नगर निगम क्षेत्र में स्ट्रीट लाईट अधिष्ठापन योजना के कार्यान्वयन हेतु नगर निगम, धनबाद को घटनोत्तर स्वीकृति की प्रत्याशा में कार्यालय पत्रांक 189 दिनांक 27.10.2018 के द्वारा राशि विमुक्त की गयी है।

योजना की विवरणी निम्नवत है –

| क्र0 | योजना का नाम | तकनीकी स्वीकृत प्रा0 राशि | कुल विमुक्त राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | बैंक मोड़, धनबाद से कतरास मोड़ झरिया तक LED Street Light का अधिष्ठापन | 15536323.00 | 15536323.00 |
| 2 | सिटी सेन्टर, धनबाद से मेमको मोड़ धनबाद तक LED Street Light का अधिष्ठापन | 24144177.00 | 24144177.00 |
| | कुलः | 39680500.00 | 39680500.00 |

न्यास परिषद से स्वीकृति की प्रत्याशा में क्रमांक 1 एवं 2 पर अंकित योजना कुल प्राक्कलित राशि 3,96,80,500.00 रू0 के व्यय पर प्रबंधकीय समिति के पारित प्रस्ताव को न्यास परिषद द्वारा घटनोत्तर स्वीकृति दी गई।

**(3) झमाडा, धनबाद की जलापूर्ति व्यवस्था हेतु योजनाओं की स्वीकृति का प्रस्ताव –**

नगर निगम, धनबाद के माध्यम से झमाडा, धनबाद की जलापूर्ति व्यवस्था को सुचारू संचालन हेतु प्राप्त योजनाओं की स्वीकृति का प्रस्ताव।

| Sl. No. | Name of Place | Name of Work | Amount in Approx |
|---|---|---|---|
| 1 | DHW, Jamadoba | Supply of Copling Nut bolt rubber bush and others for year 2018-19 | 9,72,312.00 |
| 2. | DHW, Jamadoba | New Making the plate form, 2 Nos outdoor kit jointing for 200 KVA Transformer at 1 MVA power for year 2018-19 | 1,25,220.00 |
| 3. | DHW, Jamadoba | PCC cutting new angle welding and new PCC all complete at 1 MVA power Sub Station 12 Nos. for year 2018-19 | 8,31,427.00 |
| 4. | Jharia SD. | 120 HP Pump Set No.2 Making and installation base plate. for year 2018-19 | 78,000.00 |
| 5. | TOPCHANCHI | Filter Bed repairing 6 Nos. | 93,50,700.00 |
| | | TOTAL: | 1,13,57,659.00 |

न्यास परिषद से स्वीकृति की प्रत्याशा में क्रमांक 1 से 5 पर अंकित योजना कुल प्राक्कलित राशि 1,21,05,762.00 रू0 की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी है, को ग्राम सभा/नगर निगम बोर्ड से पारित प्रस्ताव की प्रति प्राप्त होने के शर्त्त पर को न्यास परिषद द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई।

**(4) नगर निगम, धनबाद के बोर्ड की साधारण बैठक दिनांक 27.09.2018 तथा विशेष बैठक दिनांक 20.11.2018 में डी0एम0एफ0टी0 निधि से कार्यान्वयन हेतु पारित योजनाओं की स्वीकृति का प्रस्ताव –**

**(क) योजनाओं की विवरणी निम्नवत है–**

| क्र0 | योजना / प्रस्ताव की विवरणी | प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|
| 1 | Consultancy service for Preparation of Details project Rreport (DPR) for widening and strengthening/Reconstruction of Existing Pavement including replacement of culverts and bridges, complete Land Acquisition Plan including ownership detail all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Plan & Forest Diversion Proposal for Underpass Road and Flyover Bridge from Matkuria to Ara More Road Within Dhanbad Nagar Nigam (Vinod Bihari Chock Wasseypur-Bhuli Flyover-Aramor-Matkuria | 256.54 Crore |

CS CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| | Road including Flyover/ROB,RUB) in Dhanbad District in the state of Jharkhand. (Length 3.537KM) | |
| 2 | वार्ड नं0 33 हरिपुर धौड़ा, धनसार झा कॉलोनी, दास पट्टी में पानी आपूर्ति हेतु पाईप लाईन का विस्तार कार्य | 22.22000 lakh |
| 3 | वार्ड नं0 23 के मुहल्ला लिपिडीह कोलाकुसमा में कोयला नगर की ओर जानेवाली सड़क में पाईप लाईन का विस्तार | 8.56400 Lakh |
| 4 | कला विहार कॉलोनी, रानी रोड भूदा में पाईप लाईन विस्तार | 5.57900 Lakh |
| 5 | वार्ड नं0 23 कोला कुसमा भी0आई0पी0 कॉलोनी (नियर माध्यमिक विद्यालय) में जनहित में पाईप लाईन का विस्तार | 6.53200 Lakh |
| 6 | वार्ड नं0 33 के धनसार के ओ0सी0पी0 धनसार में पाईप लाईन विस्तार कार्य | 7.33900 Lakh |

न्यास परिषद से स्वीकृति की प्रत्याशा में प्रबंधकीय समिति के द्वारा उपरोक्त योजना क्रमांक 1 पर अंकित फ्लाई ऑवार ब्रीज निमार्ण योजना का कार्यान्वयन प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। उद्योग, खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड सरकार की अधिसूचना सं0 357 दिनांक 03.02.2017 की कंडिका 3(iv) के आलोक में योजना की प्राक्कलित राशि 5.00 करोड़. से अधिक के कारण संबंधित तकनिकी विभाग से प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया है। उक्त प्रस्ताव को न्यास परिषद के द्वारा पारित किया गया।

न्यास परिषद से स्वीकृति की प्रत्याशा में प्रबंधकीय समिति द्वारा क्रमांक 2 से 6 पर अंकित योजना कुल प्राक्कलित राशि 50,23,400.00 रू0 की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करते हुए योजना का कार्यान्वयन कराने की स्वीकृति दी गई है। अतएव उपरोक्त 2–6 में अंकित योजनाओ को न्यास परिषद के द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया।

(ख) **नगर निगम क्षेत्र के स्वयं सहायता समूह के महिलाओं का सिलाई मशीन देने का प्रस्ताव–**

नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूह के 1500 महिलाओं को स्वरोजगार हेतु सिलाई मशीन उपलब्ध कराने का प्रस्ताव नगर निगम, धनबाद से प्राप्त है।

न्यास परिषद से स्वीकृति की प्रत्याशा प्रबंधकीय समिति द्वारा डी0एम0एफ0टी0 निधि से नगर निगम क्षेत्र की महिलाओं को मशीन उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। अतएव न्यास परिषद द्वारा बोर्ड से प्रस्ताव प्राप्त होने के शर्त्त पर सर्वसम्मति से पारित किया गया।

(5) **सिलाई प्रशिक्षण –सह– उत्पादन केन्द्र हेतु सिलाई मशीन क्रय का प्रस्ताव–**

टुण्डी, पूर्वी टुण्डी, तोपचांची, बलियापुर एवं गोविन्दपुर प्रखंड में सिलाई प्रशिक्षण–सह–उत्पादन केन्द्र की स्थापना की जा रही है जिसका संचालन स्वयं सहायता समूहों के द्वारा किया जायेगा। प्रशिक्षण –सह– उत्पादन केन्द्र में उपयोग हेतु 300 सिलाई मशीनों (औटोमेटिक/मैनुअल) प्रति प्रखंड के क्रय की स्वीकृति का प्रस्ताव है। उक्त प्रस्ताव न्यास परिषद से स्वीकृति की प्रत्याशा में प्रबंधकीय समिति द्वारा डी0एम0एफ0टी0 निधि से प्रशिक्षण –सह– उत्पादन केन्द्र में उपयोग हेतु 300 सिलाई मशीनों (औटोमेटिक/मैनुअल) प्रति प्रखंड के क्रय की स्वीकृति प्रदान किया गया है।
अतएव न्यास परिषद के द्वारा उक्त प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया।

(6) **जूते के उत्पादन हेतु 5 जूता निर्माण केन्द्र की स्थापना का प्रस्ताव।**

(7) **कस्तूरवा गॉधी बालिका विधालयों में Regular Health Check Up कें लिए NRHM के guidelines के तहत बालिकाओं का Regular Health Check Up तथा real time data feeding mechanism**

(8) **कस्तूरवा गॉधी बालिका विधालयों में Professional Teachers, IIT/Medical के तैयारी कें लिए आकांक्षा योजना कें तहत Teachers उपलब्ध कराने का प्रस्ताव।**

न्यास परिषद से स्वीकृति की प्रत्याशा में प्रबंधकीय समिति द्वारा पारित उपरोक्त प्रस्ताव 06, 07 एवं 08 को डी0एम0एफ0टी0 निधि से कार्यान्वयन के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से न्यास परिषद के द्वारा स्वीकृति प्रदान किया गया।

CamScanner

(ख) दिनांक 28.02.2019 को संपन्न प्रबंधकीय समिति में पारित प्रस्ताव–

(1) नगर निगम के बोर्ड की बैठक दिनांक 05.03.2017, 20.11.2018 तथा 16.02.2019 की बैठक में पारित डी0एम0एफ0टी0 निधि से कार्यान्वयन हेतु योजनाओं की स्वीकृति का प्रस्ताव –

डी0एम0एफ0टी0 निधि से कार्यान्वयन हेतु नगर निगम के बोर्ड की बैठक दिनांक 05.03.2017, 20.11.2018 तथा 16.02.2019 में पारित प्रस्ताव :–

| क्र0 | योजना / प्रस्ताव की विवरणी | प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|
| | **डी0एम0एफ0टी0 निधि से शहरी जलापूर्ति योजना से संबंधित प्रस्ताव** | |
| 1 | धनबाद शहरी जलापूर्ति के लिए NJS द्वारा तैयार DPR जिसकी कुल लागत 560 करोड़ है की स्वीकृति का प्रस्ताव | 560.118 करोड़ |
| 2 | धनबाद शहरी जलापूर्ति योजना के लिए Aqua Pumps infra Venture Pvt. Ltd द्वारा तैयार DPR जिसकी कुल लागत 360 करोड़ है में से पीट वाटर शोधन एवं वितरण के विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन जिसकी कुल लागत रू0 145.45 करोड़ को डी0एम0एफ0टी0 मद से स्वीकृति का प्रस्ताव | 145.45 करोड़ |
| 3 | Supplying and Laying of 100 mm Dia-K-7 Pipe from Bhuli More to Gaddi Mohalla Under DW&S Division No.1, Dhanbad | 19.92 लाख |
| | **डी0एम0एफ0टी0 निधि से जलापूर्ति हेतु टैंकर क्रय का प्रस्ताव** | |
| 4 | 6 अदद Eicher Pro 5016 Truck Mounted water tanker 9000 लीटर क्षमता का क्रय करने का प्रस्ताव (मूल्य 18,24,995.00 / प्रति टैंकर) | 1,09,49,970.00 |
| 5 | 6 अदद Eicher Pro 1090 Truck Mounted water tanker 6000 लीटर क्षमता का क्रय करने का प्रस्ताव (मूल्य 11,67,901.00 / प्रति टैंकर) | 70,07,406.00 |
| | **डी0एम0एफ0टी0 निधि से शहरी आजीविका मिशन के तहत प्राप्त प्रस्ताव** | |
| 6 | शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत डी0एम0एफ0टी0 निधि से 15 करोड़ रूपये की स्वीकृति पर विचार। | 15.00 Crore |
| | **ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत ऐजेंसी को भुगतान का प्रस्ताव** | |
| 7 | ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत चयनित ऐजेन्सी को किये जाने वाले कार्यो का धनबाद नगर निगम के अंशदान का भुगतान डी0एम0एफ0टी0 निधि से करने पर विचार | N/A |

न्यास परिषद से स्वीकृति के प्रत्याशा में प्रबंधकीय समिति द्वारा उपरोक्त क्रमांक 1 एवं 2 पर अंकित शहरी जलापूर्ति योजनाओं कुल प्राक्कलित राशि 705.568 करोड़ का कार्यान्वयन डी0एम0एफ0टी0 निधि से कराने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। उद्योग, खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड सरकार की अधिसूचना सं0 357 दिनांक 03.02.2017 की कंडिका 3(iv) के आलोक में योजना की प्राक्कलित राशि 5.00 करोड़ से अधिक के कारण संबंधित तकनिकी विभाग से प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया है।

प्रबंधकीय समिति द्वारा न्यास परिषद से स्वीकृति की प्रत्याशा में उपरोक्त क्रमांक 3 पर अंकित जलापूर्ति योजना कुल प्राक्कलित राशि 19.92 लाख रू0 का कार्यान्वयन नगर निगम बोर्ड से पारित प्रस्ताव की प्रति प्राप्त होने की शर्त्त पर कराने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। अतएव न्यास परिषद के द्वारा सर्वसम्मति से सशर्त्त पारित किया गया।

न्यास परिषद से स्वीकृति के प्रत्याशा में प्रबंधकीय समिति द्वारा उपरोक्त क्रमांक 4 एवं 5 पर अंकित जलापूर्ति हेतु टैंकर क्रय की योजना कुल अनुमानित लागत राशि 1,79,57,376.00 रू0 का व्यय डी0एम0एफ0टी0 निधि से करने की स्वीकृति प्रदान किया गया है।

न्यास परिषद से स्वीकृति की प्रत्याशा में क्रमांक 6 पर अंकित योजना शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत डी0एम0एफ0टी0 निधि से 15 करोड़ रू0 की स्वीकृति प्रबंधकीय समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान किया गया है।

न्यास परिषद से स्वीकृति की प्रत्याशा में प्रबंधकीय समिति के द्वारा उपरोक्त क्रमांक 7 पर अंकित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत चयनित एजेन्सी को किये जाने वाले कार्यों का धनबाद नगर निगम के अंशदान का भुगतान डी0एम0एफ0टी0 निधि से करने का प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान किया गया है।

CS CamScanner

ोक्त प्रस्ताव क्रमांक 04 से 07, जो न्यास परिषद से स्वीकृति की प्रत्याशा में प्रबंधकीय कृति प्रदान किया गया है, को न्यास परिषद के द्वारा सर्वसम्मति स्वीकृति प्रदान किया

**वास्थ्य केन्द्रों में पेजलापूर्ति/शौचालय निर्माण योजना का कार्य डी.एम.एफ.टी. निधि से का प्रस्ताव –**

उपायुक्त, धनबाद की अध्यक्षता में दिनांक 24.01.2019 को डी0एम0एफ0टी0 निधि से कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में स्वास्थ्य /उपस्वास्थ्य केन्द्रों में पेजलापूर्ति /शौचालय निर्माण डी.एम.एफ.टी. निधि से कराने का प्रस्ताव –

योजना की विवरणी निम्नवत है–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|
| 1 | Construction of Residual Work for Water Supply and Sanitary works in CHC at Pandra, Nirsa Block, Dhanbad district. | 49,60,132.00 |
| 2 | Construction of Residual Work for Water Supply and Sanitary works in CHC at Dubrajpur, Tundi Block, Dhanbad district. | 49,60,132.00 |
| 3 | Construction of Ladies & Gents Toilet Community Health Centre (In Side) Campus (SAHUBAHIYAR) at Topchanchi Block, District- Dhanbad. | 26,64,450.00 |
| 4 | Water Supply & Deep Boring Community Health Centre Jharia, Jorapokhar (CHASNALLA) Under Jharia Block, Distt- Dhanbad | 5,38,650.00 |
| 5 | Construction of Deep Boring, Ladies & Gents Toilet with Electric and Sanitary work Community Health Centre at Govindpur Block, District-Dhanbad | 21,53,500.00 |
| | TOTAL: | 1,52,76,864.00 |

उपरोक्त क्रमांक 1 से 5 पर अंकित स्वास्थ्य /उपस्वास्थ्य केन्द्रों में पेजलापूर्ति /शौचालय निर्माण योजना कुल प्राक्कलित 1,52,76,864.00 रू0 का कार्यान्वयन डी.एम.एफ.टी. निधि से न्यास परिषद से स्वीकृति की प्रत्याशा में पारित किया गया है। उक्त प्रस्ताव डी.एम.एफ.टी. निधि से कार्यान्वयन किये जाने वाले प्रक्षेत्र के अन्तर्गत है। अतएव उक्त प्रस्ताव न्यास परिषद के द्वार सर्वसम्मति से पारित किया गया।

**(3) डी.एम.एफ.टी. निधि से जिले के सहिया को HBNC किट एवं प्राथमिक उपचार किट उपलब्ध कराने की स्वीकृति का प्रस्ताव –**

झारखण्ड, ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन समिति, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार रॉची से प्राप्त पत्रांक 239 दिनांक 15.12.2018 के द्वारा से सहिया को HBNC किट एवं प्राथमिक उपचार किट उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है।

प्रबंधकीय समिति द्वारा सर्वसम्मति से न्यास परिषद से स्वीकृति की प्रत्याशा में डी.एम.एफ.टी. निधि से-जिले के सहिया को HBNC किट एवं प्राथमिक उपचार किट उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है, जो डी.एम. एफ.टी. निधि से कार्यान्वयन किये जाने वाले प्रक्षेत्र के अन्तर्गत है। अतएव न्यास परिषद के द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित किया गया।

**(4) डी0एम0एफ0टी0 निधि से सदर अस्पताल,धनबाद/स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सा उपकरणों/ उपस्करों/ सामग्रियों के क्रय का प्रस्ताव –**

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा व्यवस्था के सुदृढ़िकरण हेतु डी0एम0एफ0टी0 निधि से सदर अस्पताल, धनबाद/स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सा उपकरणें/ उपस्करों/सामग्रियों के क्रय संबंधी प्रस्ताव को प्रबंधकीय समिति से पारित प्रस्ताव, जो डी.एम.एफ.टी. निधि से कार्यान्वयन किये जाने वाले प्रक्षेत्र के अन्तर्गत है। अतएव न्यास परिषद के द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित किया गया।

**(5) डी.एम.एफ.टी. निधि से महिलाओं को स्वरोजगार हेतु 10 यूनिट अण्डा उत्पादन प्लान्ट लगाने की स्वीकृति का प्रस्ताव –**

प्रखंड विकास पदाधिकारी, गोविन्दपुर के पत्रांक 173 दिनांक 02.02.2019 द्वारा महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए 10 महिलाओं को 10 यूनिट अण्डा उत्पादन प्लांट प्रति यूनिट 2,70,000.00 की दर से लगाने की स्वीकृति एवं सन्निहित राशि देने का अनुरोध किया गया है।

न्यास परिषद से घटनोत्तर स्वीकृति की प्रत्याशा में प्रबंधकीय समिति द्वारा डी0एम0एफ0टी0 निधि से 10 यूनिट अण्डा उत्पादन प्लांट लगाने की कुल लागत राशि रू0 (2,70,000.00 x 10) = 27,00,000. 00 रू0 की स्वीकृति प्रदान की गयी है। अतएव प्रबंधकीय समिति से पारित के आलोक में सर्वसम्मति से न्यास परिषद के द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया।

CS CamScanner

**(6) तोपचांची प्रखंड के 9 लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना की स्वीकृति का प्रस्ताव–**

दिनांक 11.06.2018 को आयोजित डी0एम0एफ0टी0 के प्रबंधकीय समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0–2, धनबाद से ग्राम सभा से पारित सिंहदाहा पंचायत के कुल 9 जलापूर्ति योजनाओं का प्रस्ताव प्राप्त है।

विवरणी निम्नवत है–

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अभ्युक्ति। |
|---|---|---|---|
| 1 | सिहदाहा में उ0म0वि0 में पेयजलापूर्ति हेतु व्यवस्था। | 7.35093 | |
| 2 | पाथलचपड़ा में पाण्डेय टोला एवं आदिवासी टोला में पेयजलापूर्ति योजना का कार्य। | 13.99985 | |
| 3 | सिंगदाहा दसईटांड टोला में जलापूर्ति योजना कार्य। | 13.81862 | |
| 4 | तेलोडीह सम्पूर्ण ग्राम में डीप बोरिंग कर पेयजलापूर्ति कार्य। | 14.03667 | |
| 5 | मोहलीडीह, मोहली टोला, पाण्डेय टोला में डीप बोरिंग कर पेयजलापूर्ति योजना का कार्य। | 13.93561 | |
| 6 | मोहलीडीह केवट टोला में डीप बोरिंग कर पेयजलापूर्ति योजना कार्य। | 12.42763 | |
| 7 | सिगदाहा मैरा टोला, तेली टोला, एवं दास टोला में डीप बोरिंग कर जलापूर्ति कार्य। | 14.03628 | |
| 8 | सिगदाहा दुल्हनडीह में डीप बोरिंग कर जलापूर्ति कार्य। | 13.59018 | |
| 9 | सिंगदाहा में पाण्डेयडीह, विश्वकर्मा टोला एवं यादव टोला में डीप बोरिंग कर जलापूर्ति कार्य। | 13.76289 | |
| | कुल: | 116.95866 | |

न्यास परिषद से स्वीकृति की प्रत्याशा में प्रबंधकीय समिति द्वारा सर्वसम्मति से तोपचांची प्रखंड के सिहदाहा पंचायत के ग्राम सभा से पारित प्रस्तावित 9 जलापूर्ति योजनायें कुल प्राक्कलित राशि 116.95866 लाख रू0 का कार्यान्वयन डी0एम0एफ0टी0 निधि से कराने का निर्णय है। उक्त योजना जलापूर्ति योजना से संबंधित है। अतएव न्यास परिषद के द्वारा उक्त प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया।

**(7) तोपचांची प्रखंड के ब्राम्हणडीहा पंचायत के 9 लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना की स्वीकृति का प्रस्ताव–**

कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0–2, धनबाद के पत्रांक– 187 दिनांक 23.02.2019 द्वारा ग्राम सभा से पारित ब्राम्हणडीहा पंचायत के 9 जलापूर्ति योजनाओं का कार्यान्वयन डी.एम. एफ.टी. निधि से कराने का प्रस्ताव प्राप्त है।

विवरणी निम्नवत है–

| क्र0 | योजना का नाम | प्रा0 राशि (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | Construction of 200x150 mm. dia & 150 mtr. deep HYDT. Installation of submersible Motor Pump, construction of 6000 ltr. capacity 6.0 mtr. staging RCC Water Tank-cum-Operator Room & Distribution pipeline in Panchayat- Brahamandiha, **village- Moradih**, Topchanchi Block under D.W.&.S. Div. No. 2, Dhanbad. | 12.49120 |
| 2 | Construction of 200x150 mm. dia & 150 mtr. deep HYDT. Installation of submersible Motor Pump, construction of 6000 ltr. capacity 6.0 mtr. staging RCC Water Tank-cum-Operator Room & Distribution pipeline in Panchayat- Brahamandiha, village- **Napaidih (Niche Tola)**, Topchanchi Block under D.W.&.S. Div. No. 2, Dhanbad. | 12.71399 |
| 3 | Construction of 200x150 mm. dia & 150 mtr. deep HYDT. Installation of submersible Motor Pump, construction of 6000 ltr. capacity 6.0 mtr. staging RCC Water Tank-cum-Operator Room & Distribution pipeline in Panchayat- Brahamandiha, village**- Napaidih (Uper Tola)**, Topchanchi Block under D.W.&.S. Div. No. 2, Dhanbad. | 12.85507 |
| 4 | Construction of 200x150 mm. dia & 150 mtr. deep HYDT. Installation of submersible Motor Pump, construction of 6000 ltr. capacity 6.0 mtr. staging RCC Water Tank-cum-Operator Room & Distribution pipeline in Panchayat- Brahamandiha, **village- Sidhabad (Harijan Tola)**, Topchanchi Block under D.W.&.S. Div. No. 2, Dhanbad. | 12.46231 |
| 5 | Construction of 200x150 mm. dia & 150 mtr. deep HYDT. Installation of submersible Motor Pump, construction of 6000 ltr. capacity 6.0 mtr. staging RCC Water Tank-cum-Operator Room & Distribution pipeline in Panchayat- Brahamandiha, **village- Sidhabad (Niche Rabidas Tola)**, Topchanchi Block under D.W.&.S. Div. No. 2, Dhanbad. | 13.94863 |
| 6 | Construction of 200x150 mm. dia & 150 mtr. deep HYDT. Installation of submersible Motor Pump, construction of 6000 ltr. capacity 6.0 mtr. staging RCC Water Tank-cum-Operator Room & Distribution | 13.07512 |

CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| | pipeline in Panchayat- Brahamandiha, **village- Kotaldih**, Topchanchi Block under D.W.&.S. Div. No. 2, Dhanbad. | |
| 7 | Construction of 200x150 mm. dia & 150 mtr. deep HYDT. Installation of submersible Motor Pump, construction of 6000 ltr. capacity 6.0 mtr. staging RCC Water Tank-cum-Operator Room & Distribution pipeline in Panchayat- Brahamandiha, **village- Ashansingha (Kewat Tola)**, Topchanchi Block under D.W.&.S. Div. No. 2, Dhanbad. | 14.98797 |
| 8 | Construction of 200x150 mm. dia & 150 mtr. deep HYDT. Installation of submersible Motor Pump, construction of 6000 ltr. capacity 6.0 mtr. staging RCC Water Tank-cum-Operator Room & Distribution pipeline in Panchayat- Brahamandiha, **village- Ashansingha (singh Teli & GosaiTola)**, Topchanchi Block under D.W.&.S. Div. No. 2, Dhanbad. | 14.11349 |
| 9 | Construction of 200x150 mm. dia & 150 mtr. deep HYDT. Installation of submersible Motor Pump, construction of 6000 ltr. capacity 6.0 mtr. staging RCC Water Tank-cum-Operator Room & Distribution pipeline in Panchayat- Brahamandiha, **village- Pathakdih**, Topchanchi Block under D.W.&.S. Div. No. 2, Dhanbad. | 13.14038 |
| . | TOTAL: | 119.78816 |

प्रबंधकीय समिति द्वारा सर्वसम्मति से न्यास परिषद से स्वीकृति की प्रत्याशा में तोपचांची प्रखंड के ब्राम्हणडीहा पंचायत के ग्राम सभा से पारित प्रस्तावित 9 जलापूर्ति योजनायें कुल प्राक्कलित राशि 119.78816 लाख रू0 का कार्यान्वयन डी0एम0एफ0टी0 निधि से कराने का निर्णय लिया गया है, जो जलापूर्ति योजना से संबंधित है। अतएव न्यास परिषद के द्वारा सर्वसम्मति द्वारा उक्त प्रस्ताव को पारित किया गया।

**12 अन्यान्य**

**(क) सदर अस्पताल, धनबाद/स्वास्थ्य केन्द्रों को सुदृढ़िकरण करने हेतु पारा मेडिकल स्टाफ का नियोजन का प्रस्ताव।**

प्रबंधकीय समिति की बैठक दिनांक 28.02.2019 को सम्पन्न में सदर अस्पताल, धनबाद/स्वास्थ्य केन्द्रों को सुदृढ़िकरण करने हेतु उपकरणों/उपस्करों/सामग्री क्रय का प्रस्ताव पारित हैं। सदर अस्पताल, धनबाद/स्वास्थ्य केन्द्रों को सुदृढ़िकरण हेतु उपकरणों/उपस्करों/सामग्री के साथ–साथ पारा मेडिकल स्टाफ का नियोजन किया जाना आवश्यक है। जिससे की मूल उदेश्य की पूर्ति हो सके।

विचारोपरान्त सदर अस्पताल, धनबाद/स्वास्थ्य केन्द्रों पर पारा मेडिकल स्टाफ की आवश्यकता को देखते हुए पारा मेडिकल स्टाफ DMFT निधि से नियोजन कराने का प्रस्ताव को न्यास परिसद के द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया।

**(ख) बाबा साहेब अम्बेदकर आवास योजना के तहत सुयोग्य लाभुको को DMFT की निधि से आच्छादित करना :–**

जिला विकास अभिकरण, धनबाद के प्रस्ताव के आलोक में प्रखण्ड बाघमारा, एग्यारकुंड, गोविन्दपुर, कलियासोल, तोपचाँची एवं टुण्डी प्रखण्डों में कुल 104 बाबा साहेब अम्बेदकर आवास योजना के लाभुकों को आच्छादित करने का प्रस्ताव को न्यास परिषद के द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान किया गया है।

**13. अध्यक्ष के अनुमति से ।**

**अध्यक्ष के अनुमति से अति महत्पूर्ण योजनाओं को पारित करने हेतु रखा गया, जो निम्नवत है :–**

(i) अभियंता प्रमुख, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का पत्रांक 4341 दिनांक 10.12.2019 के द्वारा धनबाद जिला अर्न्तगत टुण्डी एवं पूर्वी टुण्डी प्रखण्ड के पूर्ण अच्छादन ग्रामों में निम्न योजनओ का DPR पर तकनीकी अनुमोदन के उपरांत उपलब्ध कराया गया है:–

| क्र | प्रमण्डल का नाम | ग्रामीण जलापूर्ति योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में ) |
|---|---|---|---|
| 1 | धनबाद 02 | टुण्डी एवं पूर्वी टुण्डी प्रखण्ड पूर्ण आच्छादन ग्रामों में ग्रामीण जलापूर्ति योजना। | 8492.30000 |

उपरोक्त योजना के संबंध में सभी सदस्यों को बताया गया कि विभाग द्वारा DPR के साथ–साथ ग्राम सभा की प्रति उपलब्ध कराया गया है तथा न्यास परिषद से पारित कर प्रस्ताव विभाग को भेजने का निदेश दिया गया है। इस पर सर्वसम्मति से न्यास परिषद के द्वारा निर्णय लिया गया कि उक्त योजना DMFT निधि से कराये जाने वाले प्रक्षेत्र से संबंधित योजना है । अतएव इसे न्यास परिषद द्वारा पारित किया गया।

(ii) कार्यपालक अभियंता एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0 01 धनबाद द्वारा L.O.B कराऔर Universal Coverage के तहत व्यक्तिगत शौचालय हेतु प्राप्त प्रस्ताव जो निम्नवत है :–

CamScanner

| क्र0 | प्रखण्ड का नाम | L.O.B लाभुक | Universal Coverage लाभुक | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कलियासोल | 229 | 679 | 908 |
| 2 | एग्यारकुण्ड | 400 | 964 | 1264 |
| 3 | निरसा | 1511 | 2685 | 4196 |

उपरोक्त के कार्यान्वयन हेतु ग्राम सभा की प्रति प्राप्त होने के शर्त्तो पर सर्वसम्मति से न्यास परिषद द्वारा पारित किया गया।

(iii) रेड क्रॉस सोसाईटी, धनबाद को Cardiac Abulance उपलब्ध कराना ।

सचिव, रेड क्रॉस सोसाईटी, धनबाद के द्वारा Cardiac Abulance उपलब्ध कराने का अनुरोध पर न्यास परिषद द्वारा सर्वसम्मति से पारित करने का निर्णय लिया गया चूंकि DMFT निधि से लिये जानें वाले प्रक्षेत्र के अन्तर्गत है।

अंत में उपायुक्त–सह– अध्यक्ष के अनुमति से धन्यवाद ज्ञापन के साथ जिला योजना पदाधिकारी, धनबाद के द्वारा बैठक की कार्यवाही समाप्त करने की घोषणा की गई।

14.2.2020 | 14/2/2020 | 14/02/2020 | 14.2.20

जिला खनन पदाधिकारी, धनबाद

वरीय पदाधिकारी, DMFT, धनबाद।

उप विकास आयुक्त, धनबाद।

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, डी0एम0एफ0टी0 धनबाद।

ज्ञापांक 30 / DMFT

धनबाद, दिनांक 14.02.2020

प्रतिलिपि :– सभी संबंधित पदाधिकारियो/न्यास परिषद के सभी सदस्यगण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14.2.20

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
डी0एम0एफ0टी0 धनबाद।

CS CamScanner